दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन मुरादाबाद से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

बर्ष :-04
अंक:-257
मुरादाबाद
07 January 2025
(Tuesday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

प्रसारित क्षेत्र–बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम ने दी रेल परियोजनाओं की सौगात, जम्मू रेल मंडल और तेलंगाना में टर्मिनल स्टेशन का किया शुभारंभ



पीएम मोदी ने कहा कि 2025 की शुरुआत से ही भारत कनेक्टिविटी की तेज रफ्तार बनाए हुए है। मैंने कल दिल्ली एनसीआर में नमो भारत ट्रेन का शानदार अनुभव लिया और दिल्ली मेट्रो की अहम परियोजनाओं की शुरुआत की। कल भारत ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे देश में अब मेट्रो नेटवर्क एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रेल परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने जम्मू रेलवे डिवीजन का शुभारंभ किया। साथ ही तेलंगाना में चार्लापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया। इसके अलावा पूर्वी तट रेलवे के रायगडा रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला रखी।पीएम मोदी ने कहा कि 2025 की शुरुआत से ही भारत कनेक्टिविटी की तेज रफ्तार बनाए हुए है। मैंने कल दिल्ली NCR में नमो भारत ट्रेन का शानदार अनुभव लिया और दिल्ली मेट्रो की अहम परियोजनाओं की शुरुआत की। कल भारत ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे देश में अब मेट्रो नेटवर्क एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि 2-3 दिन पहले मैं एक वीडियो देख रहा था इसमें वंदे भारत ट्रेन का नया स्लीपर वर्जन ट्रायल में 180 किमी/घंटा की गति से चल रहा था। यह न केवल मुझे अच्छा लग रहा है, बल्कि निश्चित रूप से सभी को अच्छा लगा होगा। यह तो बस शुरुआत है। वह समय दूर नहीं जब देश में पहली बुलेट ट्रेन चलेगी। उन्होंने कहा कि हमने देखा है, पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तन का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक बदलाव आया है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। इसमें पहला रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, दूसरा रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, तीसरा रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और चौथा रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सहयोग शामिल है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 साल में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार बढ़ाया किया है। बीते 10 साल में 30 हजार किमी से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं।

साथ ही सड़क संपर्क बढ़ाने के लिए हजारों ओवरपास और अंडरपास भी बनाए गए हैं। आज लोग कम समय में लंबी दूरी तय करना चाहते हैं। इसलिए हमने पूरे देश में हाई-स्पीड ट्रेनें चलाई हैं। आज 50 से अधिक रूटों पर वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। 136 वंदे भारत सेवाएं लोगों की यात्रा को आरामदायक बना रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा जम्मू-कश्मीर आज रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नए रिकॉर्ड बना रहा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन की चर्चा आज पूरे देश में है। ये परियोजना जम्मू-कश्मीर को देश के और हिस्सों के साथ और बेहतरी से जोड़ेगी। इसी परियोजना के तहत दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे केबल पुल चिनाब का काम भी पूरा हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

80 साल के पिता को गाली देने पर उतर आएंगे, बिधूड़ी के बयान पर सीएम आतिशी हुईं भावुक

दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री आतिशी भावुक हो गईं। दिल्ली में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी बीच राजधानी में सियासत गरमाई हुई है। भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री आतिशी भावुक हो गईं। पीसी में उन्होंने कहा कि मेरे पिता एक शिक्षक रहे हैं। अब आप एक 80 साल के बुजुर्ग को गाली देने पर उतर आएंगे। मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनाव में बड़े घोटाले का आरोप लगाया। घोटाले के आरोपों के बीच भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। इसी दौरान आतिशी भावुक हो गईं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के उनके बारे में दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान पर कहा कि मेरे पिताजी जिंदगी भर शिक्षक रहे, उन्होंने दिल्ली के हजारों मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग बच्चों को पढ़ाया है। आज वे 80 साल के हो गए हैं। चुनाव के लिए वे (रमेश बिधूड़ी) ऐसी घटिया हरकत करेंगे कि एक बुजुर्ग व्यक्ति को गालियां देने पर उतर आएंगे। इस देश की राजनीति इतने निचले स्तर तक गिर सकती है यह मैं कभी नहीं सोच सकती थी। सीएम कहा कि वोटर लिस्ट में घोटाला हो रहा है। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर बड़ा खेल हो रहा है। गलत तरीके से वोट काटने की साजिश हो रही है।

चीन में फैला एचएमपीवी वायरस भारत पहुंचा, कर्नाटक में दो और गुजरात में एक बच्चा संक्रमित मिला, अलर्ट जारी



चीन में फैल रहे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण की भारत में दस्तक हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) ने कर्नाटक में दो बच्चों में एचएमपीवी संक्रमण पाया है। तीन महीने की बच्ची और आठ महीने के बच्चे में संक्रमण मिला है। इसके अलावा गुजरात में दो महीने के बच्चे में संक्रमण पाया गया है।चीन में फैल रहा ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण भारत पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) ने कर्नाटक में दो बच्चों में एचएमपीवी संक्रमण पाया है। तीन महीने की बच्ची और आठ महीने के बच्चे में संक्रमण मिला है। इसके अलावा गुजरात में भी दो महीने के बच्चे में संक्रमण पाया गया है। वहीं केस मिलने के बाद अलर्ट जारी किया गया है।चीन में इन दिनों ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का प्रकोप देखने को मिल रहा है। वायरस से बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने की खबरें आ रही हैं। इसे लेकर भारत में भी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। कई राज्यों ने एडवाइजरी और अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही भारत में एचएमपीवी वायरस के दो केस सामने आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि बंगलूरू के बैपटिस्ट अस्पताल में तीन महीने की एक बच्ची को ब्रोन्कोन्यूमोनिया बीमारी के इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बच्ची में एचएमपीवी होने की जानकारी मिली। उसे छुट्टी दे दी गई है। इसी अस्पताल में आठ महीने के बच्चे में को भी संक्रमित पाया गया। उसका तीन जनवरी 2025 को नमूना लिया गया था। बच्चे की हालत भी ठीक है। दोनों संक्रमित बच्चों और उनके परिजनों का कोई भी अंतरराष्ट्रीय यात्रा का इतिहास नहीं है। गुजरात में 26 दिसंबर को आई थी बच्चे के संक्रमित होने की रिपोर्ट-अहमदाबाद नगर निगम के स्वास्थ्य प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भाविन सोलंकी ने कहा कि राजस्थान के डूंगरपुर के रहने वाले शिशु को श्वसन संक्रमण के लक्षणों के साथ 24 दिसंबर को अहमदाबाद के चांदखेड़ा इलाके में स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परीक्षण के बाद बच्चे को एचएमपीवी संक्रमित पाया गया। सोलंकी ने कहा कि शिशु में एचएमपीवी संक्रमण 26 दिसंबर को पाया गया था, लेकिन हमें इसके बारे में आज पता चला क्योंकि निजी अस्पताल ने हमें इसकी सूचना देर से दी। अधिकारी ने बताया कि शिशु को आइसोलेशन में रखा गया है। उन्होंने कहा कि पहले बच्चे को वेंटिलेटर पर रखा गया था और उसकी हालत अब स्थिर है। स्वास्थ्य मंत्रालय कर रहा निगरानी-केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि एचएमपीवी पहले से ही भारत सहित दुनिया भर में प्रचलन में है। इससे जुड़ी श्वसन संबंधी बीमारियों के मामले कई देशों में सामने आए हैं। वहीं आईसीएमआर और एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) नेटवर्क के मौजूदा आंकड़ों के आधार पर देश में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) या गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) के मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है। मंत्रालय ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। आईसीएमआर पूरे वर्ष एचएमपीवी प्रचलन के रुझानों पर नजर रखना जारी रखेगा। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही चीन में किए जा रहे उपायों की जानकारी दे रहा है। इसे लेकर सभी स्वास्थ्य इकाइयां अलर्ट पर हैं। वहीं कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने आपात बैठक बुलाई है।एचएमपीवी वायरस पर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि यह दो बच्चों में पाया गया है। मैंने स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी दिनेश गुंडूराव से बात की है। उन्होंने विभाग के साथ बैठक की। जो भी निर्णय होगा सरकार उसे लागू करेगी। सरकार सभी एहतियाती कदम उठाएगी और इस बीमारी को रोकेगी।आंध्र प्रदेश सरकार ने जारी किया अलर्ट-आंध्र प्रदेश सरकार ने एचएमपीवी वायरस को लेकर अलर्ट जारी किया है। आंध्र प्रदेश की लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण निदेशक के पद्मावती ने कहा कि यह वायरस कोविड-19 की तरह ही एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। यह मुख्य रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को प्रभावित करता है। आंध्र प्रदेश में एचएमपीवी का कोई मामला नहीं आया है। फिलहाल इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। एचएमपीवी से संक्रमित व्यक्तियों के निकट संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों को वायरस के संक्रमण का खतरा है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी संक्रमित व्यक्तियों के खांसने, छींकने, छूने और हाथ मिलाने से भी फैल सकती है।क्या है ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी)? ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस, जिसे एचएमपीवी के छोटे नाम से भी जाना जाता है, इंसानों की श्वसन प्रक्रिया पर प्रभाव डालने वाला वायरस है। इसकी पहली बार पहचान 2001 में हो गई थी। तब नीदरलैंड के वैज्ञानिकों ने इसका पता लगाया था। यह पैरामाइक्सोविरिडे परिवार का वायरस है। श्वसन संबंधी अन्य वायरस की तरह यह भी संक्रमित लोगों के खांसने-छींकने के दौरान उनके करीब रहने से फैलता है। कुछ स्टडीज में दावा किया गया है कि यह वायरस पिछले छह दशकों से दुनिया में मौजूद है। तिरोधक क्षमता वाले लोगों और बुजुर्गों पर भी इसका प्रभाव दर्ज किया गया है। इस वायरस की वजह से लोगों को सर्दी, खांसी, बुखार, कफ की शिकायत हो सकती है। ज्यादा गंभीर मामलों में गला और श्वांस नली के जाम होने से लोगों के मुंह से सीटी जैसी खरखराहट भी सुनी जा सकती है। कुछ और गंभीर स्थिति में इस वायरस की वजह से लोगों को ब्रोंकियोलाइटिस (फेफड़ों में ऑक्सीजन ले जाने वाली नली में सूजन) और निमोनिया (फेफड़ों में पानी भरना) की स्थिति पैदा कर सकता है।

सीएम योगी बोलेः गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश बचा लिया, नई पीढ़ी को बताएं योगदान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को डीएवी कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल हुए। सीएम ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश दिया, लेकिन भारत का शीश बचा दिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज उस समय गुरु तेग बहादुर महराज को प्रेरित कर रहे थे कि देश व धर्म पर संकट है, यदि किसी महान आत्मा का बलिदान होगा तो जो विधर्मी हमारे देश व धर्म को नष्ट करते हुए उतावले दिखाई दे रहे हैं, वे बेनकाब होंगे और देश इसके खिलाफ खड़ा होगा। महान बलिदान के लिए आपसे उपयुक्त कौन हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को डीएवी कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल हुए। सीएम योगी ने समागम में आए बच्चों का कुशलक्षेम जाना और टॉफी-चॉकलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि 26-27 दिसंबर को पूरे देश ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह) के साथ जुड़ते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया और मां गुजरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश बचा लिया - सीएम ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश दिया, लेकिन भारत का शीश बचा दिया। कश्मीर को बचाया, जो आज भी भारत का हिस्सा है। वजीर खान गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों (जोरावर सिंह-फतेह सिंह) से कहता है कि इस्लाम स्वीकार कर लो, लेकिन इन लोगों ने कहा कि यह नहीं हो सकता। इस पर उन्हें जीवित ही दीवारों में चुनवा दिया गया। चमकौर युद्ध में बड़े साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह व जुझार सिंह) ने शहादत को प्राप्त किया। इस दुख में मां गुजरी देवी का प्राणोत्सर्ग हुआ। चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार...-सीएम ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से आगे बढ़ते हुए सब कुछ खोने के बाद भी गुरु गोबिंद सिंह ने एक ही बात कही कि चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार... यह मंत्र आज भी पूरे भारत के लिए नई प्रेरणा है। सवा लाख से एक लड़ाऊं, तब गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं... गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव नई ऊर्जा का संचार और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जातिभेद व छुआ छूत को समाप्त करने के लिए की खालसा पंथ की स्थापना - सीएम ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने जातिभेद, छूआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने और देश-धर्म को बचाने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने %सकल जगत में, खालसा पंथ गाजे% का उद्घोष कर देश व धर्म के मार्ग में बाधक उस समय की विधर्मी ताकतों को रास्ते से हटने के लिए कहा। सिख गुरुओं का गौरवशाली इतिहास प्रदान कर रहा प्रेरणा- सीएम ने कहा कि सिख गुरुओं गुरु नानक देव, गुरु अर्जुन देव, गुरु तेगबहादुर, गुरु गोबिंद सिंह महाराज तक ने जो परंपरा डाली, उनका गौरवशाली इतिहास प्रेरणा प्रदान कर रहा है। सीएम ने सभी से कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज के विचित्र नाटक का अध्ययन कीजिए, पता चलेगा कि वे दिव्य महापुरुष थे, जो पूर्व जन्म और उन स्थितियों के बारे में भी अवगत करा रहे हैं, जिन्हें देखकर रोंगटे खड़े होते हैं। भावी पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराना हमारा दायित्व - सीएम ने कहा कि आज का प्रकाश पर्व उसी प्रेरणा का दिवस है, जहां सिख गुरुओं के त्याग, बलिदान व कृतित्व से नई प्रेरणा प्राप्त होती है। लखनऊ का सौभाग्य है कि गुरु तेग बहादुर सिंह महाराज गुरु गोबिंद सिंह को बाल्यकाल में लाकर यहियागंज गुरुद्वारे में रुके थे। इतनी ऐतिहासिक परंपरा का संरक्षण करना, उसे बढ़ाकर भावी पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराना हमारा दायित्व बनता है। यह वर्ष हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण - सीएम ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष होने के कारण यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है। जैसे गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व को बड़े उत्साह से आयोजित किया गया था, इन आयोजनों को भी इसी तरह बड़े पैमाने पर करने की आवश्यकता है। यदि इन्हें उसी रूप में बढ़ाएंगे तो भावी पीढ़ी पर उपकार होगा और लोगों को इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी। खालसा पंथ, सिख गुरुओं के त्याग-बलिदान के बारे में प्रेरणा प्राप्त होगी। सीएम ने आह्वान किया कि सिख गुरुओं का बलिदान, उनकी प्रेरणा देश व समाज के लिए उपयोगी बनाने में हम सब अपना योगदान दे पाएंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ,अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा, डॉ. हरजोत सिंह, सतनाम सिंह सोढ़ी, सरदार दलजीत सिंह, पार्षद राजू गांधी, सरदार त्रिलोचन सिंह आदि मौजूद रहे।

संपादकीय Editorial

Absence of doctors on prescription slips

Keeping a finger on the pulse of his Monday meeting, Chief Minister Sukhvinder Singh Sukhu has taken stock of the entire medical system. We can be happy by adding a new investment of Rs 1570 crore to this, but the irony is that nine and a half lakh patients are dependent on other states for their survival every year. That means Rs 1350 crore goes out on the pretext of treatment and the yearning eyes somewhere in the medical complexes within Himachal regret with hopelessness that why the assurances of government institutions are repeatedly rejected. The absence of doctors in the pile of prescription slips is such that the specialist doctors of all the medical colleges are enjoying the sunshine in the vacation of about two months and here in the crowd of patients in the unclaimed arrangements, no one is aware of the tragedy of the medical field. Just a few days ago, the transfer of doctors in medical colleges and big hospitals has openly said that why should the medical department of Himachal get the award of 'big name but small appearance'. If the government cannot arrange for a doctor in the medicine department of the Zonal Hospital in Dharamshala, then where will the patients seek shelter. It is surprising that Himachal has been torn to such an extent by expanding its medical colleges that no hospital is left fit for patients. In fact, when TMC was formed after IGMC, it killed the hospitals and medical science around it. The Zonal Hospitals of Shimla, Dharamshala and Mandi were once ranked above the Medical Colleges and were recorded in the superiority of medical services, but by constructing the buildings of Medical Colleges, today we have made the entire health sector sick. Dharamshala Hospital alone once provided excellent medical services to a large part of Kangra, Chamba, Hamirpur and Una districts, which is not even fit for an Assembly constituency today. Has Himachal done any good to the health services by building Medical Colleges in Chamba and Nahan or are only the contracts in these projects increasing the income of a few people and a special lobby. The situation is such that TMC cannot even keep a toilet in good condition. Of course, even if 1570 crores are spent in the upcoming plans and budgetary provisions, but this expenditure will only be for the buildings and equipment, whereas a solid foundation of discipline, assurance, dignity, determination and sensitivity of medical services should be developed between the patient and the doctor. If nine and a half lakh patients are going to other states every year, then this in itself is the incompetence of the medical management of Himachal. It is not that the doctors or paramedical staff of Himachal should be held guilty for this. Even today, the salary that the senior resident doctor is getting, why should it not be considered an insult to this profession. It is also ironic that in the process of saving medical colleges, the governments are killing the medical institutions that are close to the public. If the zonal hospitals of Dharamshala, Mandi and Shimla are requesting OPD of thousand to fifteen hundred, then why are the sanctioned posts being reduced instead of increasing. Sukhu government has promised to strengthen emergency services and establish an ideal medical institute in every assembly constituency, but the condition is not only bad in civil, regional or zonal hospitals, but also in medical colleges, otherwise why would nine and a half lakh patients go outside. In this way, about 25 thousand patients are relying on the medical infrastructure of neighboring states every day, bypassing the institutions of Himachal. It is also worth noting that when a patient goes to another state, some attendants,

Waiting for decisions that will boost confidence, public has many expectations from the budget

The Modi government is showing willpower but it is difficult to say whether it will be able to push forward reforms in various sectors in time. It would be good if the Modi government, through the budget it is going to present next month, not only shows that despite being away from the majority, it is a capable government and is determined to implement its agenda. In the last Lok Sabha elections, when the BJP under the leadership of Narendra Modi did not get a majority on its own, speculations began to be made that the coalition government would not be able to work with the speed and flexibility that was seen in the previous two terms. A coalition government has its own compulsions. In the third term, the Modi government has to push its agenda keeping in mind that it is dependent on the support of Nitish Kumar's JDU and Chandrababu Naidu's Telugu Desam Party. The Modi government has completed almost seven months of its third term. During this time, it seemed that it was not able to move forward at the pace that was expected due to the narrative being set by the Congress and other opposition parties and their opposition. It is clearly visible that it is facing pressure from the opposition on the Waqf Act, One Country-One Election. It cannot be ignored that the first budget presented by the Modi government in its third term did not show any revolutionary steps that could solve the basic problems of the country. If we look at the previous sessions of Parliament, the Modi government has been able to pass only one bill considered important - the Indian Aircraft Bill. Like previous governments, the Modi government also faces frequent assembly elections. Due to frequent elections, the ruling party has to adopt similar methods to answer the opposition. Many times, it has to do things that are not economically correct, even if it does not want to. The BJP has had to announce public welfare schemes like the opposition parties announced to get votes. The trend of giving monthly payments to women has started, and now no party is untouched by it. It is because of these schemes that attracted women that the BJP got a landslide victory in Maharashtra. In Madhya Pradesh, Himachal, Karnataka and Jharkhand also such schemes became a means of getting votes. Now Aam Aadmi Party has also come up with a similar scheme in Delhi. Whatever political parties claim, running such schemes which become a burden on the government exchequer creates problems in starting schemes that bring fundamental changes. Modi government is working on some policies with far reaching effects, such as preparations to form Jal Pradhikaran. It has also started implementing three new criminal laws. Apart from this, Modi government has started some other schemes which are effective, but their results will take time to come. No one knows when the benefits of the formation of Jal Pradhikaran with an ambitious objective will be seen. Similarly, it is also difficult to say when the National Water Policy will be implemented effectively. Keep in mind that at present the public is facing the shortage of pure drinking water. It is true that Har Ghar Nal Yojana is moving forward, but is it able to provide pure drinking water to everyone? The problems that India is facing today have become serious due to neglect in the last several years. For example, the crumbling infrastructure of cities, deteriorating air quality and excessive pollution of rivers. These problems are becoming harmful for health. The fact is that despite taking many steps to improve the condition of farmers, the goal of doubling their income is still far away. The Modi government has not been able to bring any significant improvement in the functioning of the judiciary. Timely access to justice is a distant dream. Neither the judiciary nor the bureaucracy is improving. The corruption prevailing at the lower level in the bureaucracy is not decreasing. This is because it is not being made accountable. Similarly, police reforms are also pending. The new education policy that the Modi government brought in its last term is being implemented at a very slow pace. The positive effects of this policy have not yet started to be seen. On the one hand, while a large number of youth are turning to foreign countries for higher education, the youth who are getting higher education in India are facing problems in getting employment. There are not as many jobs as the crowd of youth eager to get government jobs. Since the political reforms that are considered necessary are not happening, politics is moving away from the goal of public service. It has become a means of creating vote bank by hook or crook. The Modi government can neither be unaware of the challenges before it nor of the fact that the public's restlessness is increasing. It is true that the Modi government is trying to solve many basic problems, but it will have to keep in mind that the public wants immediate solutions to many of its problems. This will be possible only when the necessary willpower is shown to solve the problems. The Modi government is showing willpower, but it is difficult to say that it will be able to take forward the reforms in various sectors in time. It would be good if the Modi government, through the budget that it is going to present next month, not only shows that despite being away from the majority, it is a capable government and is determined to implement its agenda. Even more important is that the upcoming budget should prove to be one that increases the confidence of the people that some of their problems will be solved soon. And the solution is going to happen effectively.

Elderly suffering from neglect, society also has to fulfill its responsibility

It is not hidden from anyone that elderly people suffering from neglect of children and financially incapable are being forced to wander from door to door. Since the trend of nuclear families is increasing, the need for old age homes is increasing. Governments will have to be alert to fulfill this need but society will also have to fulfill its responsibility. This decision of the Supreme Court is highlighting a big irony of Indian society that if children do not take care of their elderly parents, then the property transferred in their name can be taken back from them. The Supreme Court had to give this decision because an elderly woman had demanded cancellation of the property transferred in the name of her son on the ground that he had stopped taking care of her after acquiring the property. On this demand of hers, the Madhya Pradesh High Court had given this decision that the property given to children cannot be taken back if they do not take care of their parents. It is welcome that the Supreme Court has given relief to the woman by reversing this decision, but will this send the right message to the society and especially to those children who do not take care of their parents or leave them to their own devices even after inheriting their property? It is pathetic to see that such cases are coming to the fore despite the Act which puts the responsibility of maintenance and welfare of parents on the children. Even after the existence of this Act, such cases keep coming to the fore in which children neglect their elderly parents. Some such cases also reach the courts. It is clear that even after a strong law, the trend of neglecting the elderly continues. This is not only happening due to the disintegration of joint families and the nuclear families being formed as a result, but also due to ignorance of family values ??and lack of sanskar. Since the responsibility of taking care of the elderly, which should be taken by the family members and especially their children, is not being taken, the number of such elderly people is increasing whose children do not care for them. Due to this, they live a lonely life, facing neglect and suffer a lot. Due to this, like in western countries, old age homes are increasing in our country too, but it should be understood that not all the elderly are financially capable enough to live in old age homes. It is no secret that the elderly who are suffering from the neglect of their children and are financially incapable are being forced to wander from door to door. Since the trend of nuclear families is increasing, the need for old age homes is increasing. Governments will have to be alert to fulfill this need, but society will also have to fulfill its responsibility. Success in this will be achieved only when the future generation will be given the message through education and values ??that it is their moral responsibility to take care of their elderly parents.door to door. Since the trend of nuclear families is increasing, the need for old age homes is increasing. Governments will have to be alert to fulfill this need but society will also have to fulfill its responsibility. This decision of the Supreme Court is highlighting a big irony of Indian society that if children do not take care of their elderly parents, then the property transferred in their name can be taken back from them. The Supreme Court had to give this decision because an elderly woman had demanded cancellation of the property transferred in the name of her son on the ground that he had stopped taking care of her after acquiring the property. On this demand of hers, the Madhya Pradesh High Court had given this decision that the property given to children cannot be taken back if they do not take care of their parents. It is welcome that the Supreme Court has given relief to the woman by reversing this decision, but will this send the right message to the society and especially to those children who do not take care of their parents or leave them to their own devices even after inheriting their property? It is pathetic to see that such cases are coming to the fore despite the Act which puts the responsibility of maintenance and welfare of parents on the children. Even after the existence of this Act, such cases keep coming to the fore in which children neglect their elderly parents. Some such cases also reach the courts. It is clear that even after a strong law, the trend of neglecting the elderly continues. This is not only happening due to the disintegration of joint families and the nuclear families being formed as a result, but also due to ignorance of family values ??and lack of sanskar. Since the responsibility of taking care of the elderly, which should be taken by the family members and especially their children, is not being taken, the number of such elderly people is increasing whose children do not care for them. Due to this, they live a lonely life, facing neglect and suffer a lot. Due to this, like in western countries, old age homes are increasing in our country too, but it should be understood that not all the elderly are financially capable enough to live in old age homes. It is no secret that the elderly who are suffering from the neglect of their children and are financially incapable are being forced to wander from door to door. Since the trend of nuclear families is increasing, the need for old age homes is increasing. Governments will have to be alert to fulfill this need, but society will also have to fulfill its responsibility. Success in this will be achieved only when the future generation will be given the message through education and values ??that it is their moral responsibility to take care of their elderly parents.

विधानसभावार आयोजित होंगे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम, यह हैं पर्यवेक्षण और नोडल अधिकारी

18, 23 और 27 जनवरी को होगा कार्यक्रम, 3451 जोड़ों के सामूहिक विवाह का है लक्ष्य, पर्यवेक्षण अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की देखरेख में कराया जाएगा कार्यक्रम

मुरादाबाद। जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 18 , 23 और 27 जनवरी को विधानसभा स्तर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि योजना के अन्तर्गत जिले में 18, 23 और 27 जनवरी को विधानसभा स्तर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए नगर निगम, विकासखंड कार्यालय, नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिकारियों को सम्बंध में निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुरूप सत्यापन महिला, विधवा की पुत्री, दिव्यांग अभिभावक की दी जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी विवाह योजना के अंतर्गत जिले में 3451 का लक्ष्य मुरादाबाद सदर को 251, विकासखंड भगतपुर अगवानपुर में 50-50 समेत विधानसभा नगर/ है। विकासखंड छजलैट को 351, नगर पंचायत सहित विधानसभा कांठ में कुल 451 लाभार्थियों ठाकुरद्वारा को 351, नगर पालिका ठाकुरद्वारा को ठाकुरद्वारा में कुल 827 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला पालिका बिलारी को 51 सहित विधानसभा गया है। इसी प्रकार विकासखंड डींगरपुर को 351, को 50 और नगर पंचायत महमूदपुर को 16 सहित सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य मिला है।

उनके क्षेत्र के आवेदकों द्वारा किए गए आवेदन पत्रों के समय से पूरा करने का निर्देश दिया है। योजना में निराश्रित पुत्री और ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो उसे प्राथमिकता शैलेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक निर्धारित है। जिसमें नगर निगम को 351, विकासखंड टांडा को 351, नगर पंचायत भोजपुर, पाकबड़ा व ग्रामीण हेतु कुल 1103 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित कांठ को 50 और नगर पालिका उमरी कला को 50 का लक्ष्य है। विकासखंड डिलारी को 401, विकासखंड 50 और नगर पंचायत ढकिया को 25 सहित विधानसभा है। जबकि विकासखंड बिलारी को 251 और नगर बिलारी में कुल 302 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया विकासखंड मुंडापांडे को 351, नगर पंचायत कुंदरकी विधानसभा कुंदरकी के लिए कुल 768 जोड़ों का जिलाधिकारी ने इन अधिकारियों को बनाया पर्यवेक्षण और नोडल अधिकारी- जिलाधिकारी ने विधानसभा स्तर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पर्यवेक्षण और नोडल अधिकारी नामित कर जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें 18 जनवरी को विधानसभा नगर व ग्रामीण के लाभार्थियों के लिए आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह के लिए एसडीएम सदर को पर्यवेक्षण अधिकारी और अपर नगर आयुक्त नगर निगम मुरादाबाद, खंड विकास अधिकारी मुरादाबाद, भगतपुर टांडा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भोजपुर, धर्मपुर, पाकबड़ा और अगवानपुर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 23 जनवरी को विधानसभा कांठ में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए एसडीएम कांठ को पर्यवेक्षण अधिकारी और खंड विकास अधिकारी छजलैट, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उमरी कला और नगर पंचायत कांठ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जबकि 23 जनवरी को ही विधानसभा ठाकुरद्वारा में निर्धारित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए एसडीएम ठाकुरद्वारा को पर्यवेक्षण अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी ठाकुरद्वारा/डिलारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ठाकुरद्वारा, नगर पंचायत ढकिया को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वहीं 27 जनवरी को विधानसभा बिलारी में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए एसडीएम बिलारी को पर्यवेक्षण अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी बिलारी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिलारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही 27 जनवरी को ही विधानसभा कुंदरकी में प्रस्तावित सामूहिक विवाह के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम को पर्यवेक्षण अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी डींगरपुर, मूंढापांडे, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कुंदरकी, महमूदपुर माफी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

शाहेदीन के परिवार से मिलीं सपा सांसद रुचि वीरा, बोलीं-दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए

मुरादाबाद। सपा सांसद रुचि वीरा ने रविवार रात मृतक शाहेदीन के परिवार से मुलाकात की, जो गोहत्या के आरोप में भीड़ द्वारा पीट-पीटकर घायल हुआ था और इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। सपा सांसद ने परिवार से मिलने के बाद कहा कि ये घटना दुखद और शर्मनाक है। जो दोषी हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मॉब लिंचिंग की घटनाओं से देश का नाम खराब हो रहा है। सांसद ने इन मामले में पुलिस के आलाधिकारियों से मुलाकात करने की बात कही। रमेश बिधूड़ी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए रुचि वीरा ने कहा कि आपको अच्छी सड़क बनानी है तो बनवाएं। लेकिन, किसी भी महिला के बारे में टिप्पणी करना गलत है। वहीं महाकुंभ को लेकर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी के द्वारा दिए गए बयान पर कहा, यह लोग देश को भ्रमित करना चाहते हैं। जानबूझकर इस तरीके की बात की जा रही है कि कोई भी विकास की बात ना कर सके।

जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं, प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया । जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया । महोदय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें ।

संक्षिप्त समाचार

बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति को रौंदा, दोनों की मौत...चालक फरार

मुरादाबाद। डिलारी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम नाखूनका में तेज रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सड़क किनारे लहुलुहान हालत में पड़े दंपति को उठाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन डॉक्टरों ने दंपति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दंपति की पहचान जिला बिजनौर के ग्राम सदकपुर थाना रेहड़ के यशपाल(50) पुत्र लाखन सिंह ओर पाकेश पत्नी यशपाल के रुप में हुई है। पुलिस के द्वारा परिजनों को हादसे की सूचना देने के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ट्रक चालक मौके का फायदा उठाकर ट्रक छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बाइक और ट्रक को कब्जे में लेकर अपने साथ थाने ले आई है। पुलिस हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में लग गई है।

नशे में पिता ने 15 दिन की बच्ची को जमीन पर पटका, गंभीर रूप से घायल... टीएमयू में भर्ती

मुरादाबाद। पाकबड़ा - शराबी पिता ने नशे में अपनी 15 दिन की बच्ची को जमीन पर पटक दिया। जिससे नवजात गंभीर रूप

से घायल हो गई। इसके बाद वह खुद भी सड़क पर दौड़ पड़ा और कार से टकराने पर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को टीएमयू में भर्ती कराया। जहां बच्ची का इलाज चल रहा है। वहीं पिता ठीक है। थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर में गोपाल उर्फ छोटू के घर में राजेश अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ किराए पर रहता है। दोनों एक साथ पैरामाउंट कंपनी में काम करते हैं। गोपाल ने जब राजेश से किराया मांगा तो उनमें कहासुनी होने लगी। इसी बीच राजेश एवं उसकी पत्नी ने सामान बांध लिया और कमरा छोड़ने के लिए तैयार हो गए। राजेश ने अपने रिश्तेदारों के साथ जमकर शराब पी ली। बाद में उसने मकान मालिक को फंसाने के लिए अपनी 15 दिन की बच्ची को नशे में जमीन पर पटक दिया। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस को देख राजेश भी सड़क पर दौड़ पड़ा। जिससे वह हल्का सा कार से टकरा गया। पुलिस ने तुरंत दोनों को टीएमयू में भर्ती कराया। जहां बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है। जबकि पिता की हालत ठीक है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पहले तो सूचना मिली थी कि उसके बहनोई की हत्या कर दी गई है। जब मौके पर पहुंचे तो सारा मामला समझ में आया कि उसने ही अपनी बच्ची को शराब के नशे में पटक डाला। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

तेज़ रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति को रौंदा, दोनों की मौके पर मौत ट्रक चालक मौके से फरार

क्यूँ न लिखूँ सच -नाजिम हुसैन

मुरादाबाद- डिलारी क्षेत्र के ग्राम नाखूनका में तेज रफ़्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। जिसमें हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी विवेक शर्मा ठाकुरद्वारा थाना डिलारी योगेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सड़क किनारे लहुलुहान हालत में पड़े दंपति को उठाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन डॉक्टरों ने दंपति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही दंपति की पहचान ग्राम सदकपुर थाना रेहड़ जिला बिजनौर के यशपाल(50) पुत्र लाखन सिंह ओर पाकेश पत्नी यशपाल के रुप में हुई है। पुलिस के द्वारा परिजनों को हादसे की सूचना देने के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वही ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बाइक और ट्रक को कब्जे में ले लिया है। साथ ही पुलिस हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी हैं वही एएसपी अमरिंदर सिंह, ने बताया कि अगर परिजनों की तरफ से तहरीर मिलती हैं तो पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी।

मुरादाबाद में दंपती की मौत: जन्मदिन में शामिल होने जा रहे थे, हाईवे पर ट्रक ने बाइक को कुचला, सदमे में परिजन

मुरादाबाद में जन्मदिन समारोह में जा रहे दंपती की बाइक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है।जन्मदिन समारोह में शामिल होने जा रहे एक दंपती की हाईवे पर दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से टक्कर मारकर बाइक सवार पति-पत्नी को कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानानगर उर्फ सादकपुर निवासी यशपाल चौहान (48) और उनकी पत्नी पाकेश देवी (45) सोमवार

दोपहर बाइक से अपने भांजे शिवेंद्र कुमार के पुत्र सूर्यांश कुमार के जन्मदिन समारोह में शामिल होने गांव जटपुरा जलालपुर (मुरादाबाद) जा रहे थे।काशीपुर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर गांव नाखूनका (थाना डिलारी) के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में दंपती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची डिलारी पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया। भांजे शिवेंद्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष डिलारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। हादसे ने खुशी के माहौल को गम में बदल दिया। जन्मदिन समारोह की तैयारियों के बीच जब यशपाल और उनकी पत्नी के मौत की खबर पहुंची तो घर में मातम छा गया। परिजन घटना से गहरे सदमे में हैं। काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर अक्सर इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर यातायात नियमों के सख्त पालन और ट्रक चालकों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

पुलिस ने बताया कि ट्रक की पहचान हो गई है। चालक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

विधायक शहजिल के पिता पर पूर्व विधायक ने लगाए गंभीर आरोप, जताई नाराजगी

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक सुल्तान बेग और भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम के बीच प्रतिष्ठा की जंग शुरू हो गई है। बीते दिवस गांव पंखुरी में बैठक के दौरान सुल्तान बेग ने विधायक शहजिल इस्लाम और उनके पिता इस्लाम साबिर को घेरा। पूर्व विधायक ने कहा कि पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष के पद बैठे कश्यप समाज के व्यक्ति के लिए इस्लाम साबिर ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। अगर उनकी कही बातें सार्वजनिक हो जाएं तो क्या कश्यप समाज का वोट पार्टी को मिलेगा? भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के एक पूर्व अध्यक्ष की तरफ इशारा करते हुए कहा कि विधायक शहजिल इस्लाम और उनके पिता इस्लाम साबिर ने उनको घर बुलाकर अपशब्द कहे थे। विधायक पर कई आरोप लगाए - सुल्तान बेग ने बंजरिया जागीर के बीडीसी सदस्य अब्दुल कय्यूम पर मुकदमा लिखवाने की बात भी साझा की। बैठक में भोजीपुरा विधायक पर कई आरोप लगाए गए। मौजूद लोगों से कहा कि आपको ऐसा विधायक चुनना है जो हर समय आपके साथ हो। इस मामले में जितना दोष विधायक शहजिल इस्लाम का है, उससे ज्यादा मतदाताओं का भी है। इस दौरान सपा के भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष टीकाराम कश्यप समेत मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। भोजीपुरा के सपा विधायक शहजिल इस्लाम ने कहा कि बैठक में पूर्व विधायक ने क्या बातें कहीं और क्या आरोप लगाए, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। बगैर जानकारी कुछ कहना ठीक नहीं।

शीतलहर के चलते धूप रही बेअसर; रुहेलखंड में शीत लहर जारी

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। रुहेलखंड में कोहरे और कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। बरेली में शीतलहर नश्तर सी चुभ रही है। सोमवार को भी दोपहर में धूप खिली, लेकिन सर्द हवा से बेअसर रही। रात से फिर कोहरा छाने लगा। सोमवार सुबह कोहरे के साथ हुई। दोपहर 12 बजे से कोहरा छंटने लगा। हल्की धूप खिली, लेकिन शीतलहर चलने से गलन बरकरार है। पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी में भी ठंड से लोग बेहाल दिखे। मौसम विभाग ने कोल्ड डे कंडीशन का अनुमान जताया है। कोहरे का असर रेल यातायात पर भी देखा गया। पीलीभीत में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। दिन में धूप खिलने के बाद रात से कोहरा पड़ने लगा। सोमवार सुबह 10 बजे के बाद तक जिला कोहरे की चादर में लिपटा रहा। घने कोहरे में मार्गों पर वाहनों का कम दबाव दिखा। वाहन चालक लाइट जलाकर ही गुजरते दिखे। वहीं शीतलहर से गलन ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। ठंड से राहत से आसार नहीं शाहजहांपुर में सोमवार सुबह भी कोहरे का असर बरकरार रहा। रात से ही कोहरा ओस के रूप में गिरता रहा। सुबह कोहरा का अच्छा खासा असर रहा। ठिठुरन बढ़ गई है। न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया । उत्तर और पश्चिमी हवा चल रही है। अभी ठंड से राहत के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सीएम से मिले , डॉक्टरों की समस्याओं और वार्षिक सम्मेलन पर की चर्चा

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य डॉक्टरों से जुड़ी समस्याओं और भारतीय चिकित्सा संघ (आई.एम.ए), उत्तर प्रदेश के वार्षिक अधिवेशन/कॉन्फ्रेंस के लिए निमंत्रण देना था। बैठक में डॉ. अरुण कुमार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत डॉक्टरों और अस्पतालों को भुगतानों में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इन भुगतानों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द जारी किया जाए ताकि डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े संस्थानों को राहत मिल सके। इसके अलावा, मंत्री ने मुख्यमंत्री जी को सूचित किया कि भारतीय चिकित्सा संघ (आई.एम.ए), उत्तर प्रदेश का वार्षिक अधिवेशन 29 और 30 नवंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की मेज़बानी आईएमए बरेली शाखा करेगी। डॉ. अरुण कुमार ने मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में इस अधिवेशन का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया, जो 29 नवंबर 2025 को दोपहर 2:30 बजे निर्धारित है। डॉ. अरुण कुमार ने अस्पतालों के पंजीकरण की अवधि 1 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष करने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि यह कदम डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के लिए एक बड़ी राहत है, जो प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आसान बनाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक के दौरान इन मुद्दों पर सकारात्मक रुख दिखाया और अधिवेशन में भाग लेने के निमंत्रण पर विचार करने का आश्वासन दिया।यह बैठक डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े संस्थानों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। अब देखना होगा कि सरकार इन समस्याओं को हल करने के लिए कितनी तेजी से कदम उठाती है।

इस मांग को पूरी होने पर ही जुबान खोलेंगे मौनी बाबा; 51 घड़ों में रखे जल से तड़के स्नान करते हैं ये

मौनी बाबा इस मांग को पूरी होने तक जुबान नहीं खोलेंगे। वो 12 साल से मौन व्रत का संकल्प लिए हुए हैं। उधर, श्री शंभू पंच दशनाम अटल अखाड़े के नागा बाबा नौ साल से अनूठा तप कर रहे हैं।संगम की रेती तपस्वी साधु-संतों से गुलजार होने लगी है। इनकी साधना देख आश्चर्य भी होता है, मन में अपार श्रद्धा भी उत्पन्न होती है। सेक्टर-20 अग्नि अखाड़े में एक ऐसे ही संत आए हैं। वह पिछले 12 वर्षों से मौन धारण किए हैं। मौन होकर तपस्या करने की वजह से वह मौनी बाबा के नाम से विख्यात हो गए हैं। अगर उन्हें किसी से कुछ कहना होता है तो वह बोर्ड पर लिख देते हैं। राजस्थान के उदयपुर से आए रामानुज पुरी महाराज अग्नि अखाड़े के नागा संन्यासी हैं। वह देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए 12 साल से मौन व्रत का संकल्प लिए हुए हैं। शिष्यों को अपनी बात समझाने के लिए अपने पास एक डिजिटल बोर्ड व एक कलम रखे हुए हैं। जिसपर लिखकर जरूरत की चीजों को मांगते हैं। कोई अन्य बात भी इसी के माध्यम से वह अपने शिष्यों तक पहुंचाते हैं। डिजिटल बोर्ड होने की वजह से लिखा हुआ आसानी से मिट भी जाता है। उनके शिष्य बताते हैं, पहले वह सामान्य बोर्ड पर चॉक से लिखते थे। कुछ वर्ष पहले ही उन्होंने डिजिटल बोर्ड का इस्तेमाल शुरू किया है। उनके गुरु भाई नागा संन्यासी कन्हैया पुरी बताते हैं कि देश और विदेश में आए दिन हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। इसी को देखते उनके गुरु भाई रामानुज पुरी महाराज 12 साल पहले देश के हिंदू राष्ट्र बनने तक मौन धारण करने का संकल्प लिए थे। इस साल उनके संकल्प का 12 साल पूरा हो गया। वह बताते हैं, जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती वह अपनी जुबान नहीं खोलेंगे। 51 घड़ों में रखे गंगाजल से तड़के स्नान करते हैं बाबा प्रमोद गिरि सेक्टर-20 में श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़े के राजस्थान के नागा बाबा प्रमोद गिरि जी महाराज अनूठी साधना में लीन हैं। वह हर दिन तड़के 4:15 बजे मिट्टी के 51 घड़ों में रखे गंगाजल से स्नान करते हैं। शिविर में भक्त विशेष आसन पर बैठाकर उन्हें स्नान कराते हैं। उनकी यह अनूठी साधना 21 दिनों तक चलेगी। बाबा विश्व शांति और भारत के कल्याण के लिए नौ साल से इस साधना में लीन हैं। भक्त रात में ही 51 घड़ों में गंगाजल भरकर रख देते हैं। इसके बाद बाबा तड़के स्नान करते हैं। बाबा बताते हैं, शुक्रवार को पहले दिन का स्नान हुआ। हर अगले दिन दो और फिर तीन घड़े बढ़ते जाएंगे। साधना के आखिरी दिन घड़ों की संख्या 108 हो जाएगी। बाबा जाड़े में ठंडे जल और गर्मी में गर्म जल से नौ साल से स्नान करते आ रहे हैं।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

संक्षिप्त समाचार

श्री हरि मंदिर महिला मंडल किया भंडारा वितरण

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। सोमवार को श्री हरि मंदिर बरेली के मुख्य द्वार पर कड़के की ठंड में श्री हरि मंदिर महिला मंडल की सदस्यों व अध्यक्ष रेनू छाबड़ा ने नेतृत्व में राहगीरों ,बच्चों आदि को पुलाव,पूरी चने ,वा चाय का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष रेनू छाबड़ा,कंचन अरोड़ा,नीलम साहनी,ममता ओबेरॉय,नेहा आनंद,मीरा कथूरिया,विमल सोंधी,सीमा तनेजा,ज्योति खुराना, सोनिका आहुजा आदि सेवा में शामिल थे।

कुंभ स्नान करने जा रहे साधु से लूट, मोबाइल और 85000 रुपये लेकर भाग निकला स्कॉर्पियो चालक

कुंभ स्नान करने प्रयागराज जा रहे साधु से लूट का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कॉर्पियो चालक मोबाइल और 85000 रुपये लेकर भाग निकला। छतरपुर से प्रयागराज जा रहे एक मंदिर के पुजारी ने आरोप लगाया कि धोखा देकर वाहन चालक फरार हो गया। वाहन में उनके 1 लगभग 85 हजार रुपये, मोबाइल, झंडा बैनर भी रखे थे। साधु ने शहर के धनुष चौराहे पर धरना भी दिया। उन्हें समझाने के लिए एडीएम व अपर एसपी पहुंचे।छतरपुर मप्र के धनुषधारी संकट मोचन मंदिर के अधिकारी पुजारी प्रीतू त्रिपाठी उर्फ परमात्मादास महराज ने बताया कि कर्वी के एसडीएम कालोनी निवासी चालक की एक माह तक कुंभ स्नान के लिए गाड़ी बुक की थी। इसका एग्रीमेंट नोटरी कराया है। बताया कि गाड़ी मालिक भोपाल निवासी हैं। वाहन को लेकर चालक के साथ वह प्रयागराज जा रहे थे। रास्ते में गुरुभाई भरतदास महराज वाल्मीकि आश्रम से मिलने के लिए ठहरे। आश्रम मे गाड़ी खड़ी कराकर चले गये। बताया कि जब गुरुभाई से मिल कर वापस आये तो देखा कि चालक वाहन सहित नदारद रहा।सोमवार को साधु ने शहर के धनुष चौराहे पर धरना दिया। एडीएम उमेश चंद्र व अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने समझाकर कोतवाली भेजा। कोतवाल उपेंद्र सिंह ने बताया कि साधु व गाडी मालिक को बुलाकर जानकारी ली गई। एग्रीमेंट के अनुसार गाड़ी मालिक ने एडवांस रुपये लौटा दिए हैं। अब उनका एग्रीमेंट मान्य नहीं है। इसके बाद साधु बिना रिपोर्ट दर्ज कराए चले गए।

गैंगवार में युवक की हत्या: पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचे आठ आरोपी, केडी के पैर में लगी गोली; अस्पताल में भर्ती

